(Pages : 3) **K – 1985**

ALL SAINTS COLLEGE LIBRARY
No.
TRIVANDRUM

Reg. No. : .....

Name : .....

First Year B.A./B.Sc. Degree Examination, January 2021

Part-II – Hindi

Paper I – PROSE AND DRAMA

Time : 3 Hours Max. Marks : 100

I. प्रत्येक खंड में से कम से कम **दो** अवतरण चुनकर **पाँच** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

खण्ड - अ

1. यह ठीक है कि पुरानी परंपरा की रक्षा के लिए वृद्धों का रहना भी आवश्यक है, किन्तु उनको यह स्वीकार करना चाहिए कि अब समय आ गया है जब उन्हें युवकों को जिम्मेदारी के पदों पर बैठाना चाहिए।

2. समाज का असली सुधार उसमें रहनेवाले व्यक्ति का सुधार है। व्यक्तियों के ही बुरे या भले होने से हम समाज को बुरा या भला कहते हैं।

3. तुम कहते हो कि वह सूक्ष्म है, अगोचर है और सर्वव्यापी है। ये गुण तो ईश्वर के हैं। तो क्या भष्टाचार ईश्वर है?

4. मन नई दिशा में मुड़ चला है - अहिंसा की छाया में।

   एक रोगी भी हमारी दया का पात्र है और एक डाकू भी।

खण्ड - आ

5. गणित के प्रकांड विद्वान, महान खगोलविद् आर्यभट इतना छोटा सा संकेत भी नहीं समझते।

6. मैं जानता हूँ संस्कृति, कला, ज्ञान विज्ञान के प्रसार के लिए आप गुप्त सम्राटों की परंपरा का निर्वाह कर रहे हैं।

P.T.O.

7. हिंसा, उत्तेजना और उत्पाद के इस वातावरण में कोई सार्थक बात न हो सकेगी। मेरा अनुरोध है कि आज की बैठक को स्थगित किया जाए।

8. मैं एक अन्वेषक हूँ - अन्वेषक, जो सत्य के सामने मिथ्या ज्ञान और मिथ्या अभिमान को स्वीकार नहीं करता अन्वेषक, जिसकी राहें दुर्गम और लंबी होती है।

(5 × 7 = 35 Marks)

II. किसी **एक** पाठ का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

9. इलाहाबाद।

10. शनि : सबसे सुंदर ग्रह।

11. होली और ओणम।

(1 × 17 = 17 Marks)

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **200** शब्दों में लिखिए।

12. 'सरयू भैया' का सारांश लिखिए।

13. दिनकर की राय में सच्चे नागरिक के लक्षण क्या क्या हैं?

14. 'स्वामी दयानंद' लेख में अभिव्यक्त विचारों को स्पष्ट कीजिए।

15. परसाईजी सच्चे अर्थ में व्यंग्यकार हैं। 'सदाचार का तावीज़' के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

(2 × 8 = 16 Marks)

IV. किसी **एक** प्रश्न का विस्तार से उत्तर लिखिए।

16. 'अन्वेषक' नाटक के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

17. 'अन्वेषक' नाटक का सारांश लिखकर उसकी आलोचना कीजिए।

(1 × 16 = 16 Marks)

V. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **200** शब्दों में लिखिए।

18. केतकी का चरित्र चित्रण कीजिए।

19. बुधगुप्त की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

20. 'अन्वेषक' नाटक में चूडामणि की भूमिका क्या है?

21. 'अन्वेषक' नाटक की समीक्षा कीजिए।

(2 × 8 = 16 Marks)
